तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 17 जून 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 जल जीवन मिशन के तहत राज्य के 39 लाख घरों में पहुंच रहा ...



13 रेत खदानों में खुलेआम चेन माउंटेन मशीनों से उत्खनन ...



# कोदो-रागी के साथ कुटकी फसल के लिए भी ऋण, धान के लिए मिलेंगे 60 हजार


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मानसून की दस्तक के साथ ही जिले भर में खेती कार्य भी अपनी रफ्तार पकड़ लेगा । खरीफ सीजन की फसल की तैयारी में जुटे किसान अपने खेत को तैयार करने में लगे हुए हैं, वहीं खेती के लिए कर्ज लेने के लिए भी किसानों का सहकारी समिति पहुंचने का दौर शुरू हो चुका है। जिले में खरीफ सीजन में धान की खेती करने वाले किसानों के लिए इस बार राहत की बात यह है कि उनको मिलने वाले कर्ज की लिमिट बढ़ा दी गई है। किसानों को अब प्रति हेक्टेयर 58 हजार नहीं बल्कि 60 हजार का कर्ज बैंक द्वारा दिया जाएगा । इसके साथ ही रागी कोदो कुटकी जैसी फसलों के लिए भी बैंक से किसान लोन ले सकते हैं। हर फसल के लिए अलग-अलग दायरा तय किया गया है। करीब 16 प्रकार की फसलों के लिए बैंक से किसानों को 15 हजार से लेकर 60 हजार तक लोन दिया जाएगा। किसानों को धान के लिए प्रति हेक्टेयर के हिसाब से मिलेगा वही ऋण के लिए किसानों को ब्याज भी नहीं देना पड़ेगा। **इस प्रकार मिलेगा ऋण** : अलग-अलग फसल के लिए ऋण वितरण का दायरा तय किया गया है सबसे अधिक कर्ज धान सिंचित के लिए 60 हजार और धान असिंचित के लिए 45 हजार, कोदो 16 हजार, अरहर तुवर 38 हजार, मूंग उड़द के लिए 27 हजार मूंगफली के लिए 42 हजार तिल 25 हजार सोयाबीन 48 हजार मक्का 45 हजार रामतिल 28 हजार, ज्वार 20 हजार कपास सिंचित के लिए 44 हजार कपास असिंचित के लिए 36,300 जुरगा 20 हजार 350 टाऊ फफर और रागी के लिए 15 हजार व कुटकी के लिए 17 हजार किसानों को प्रति एकड़ दिया जाएगा ।

## खरीफ की तैयारी में जुटे किसानों के लिए ऋण वितरण शुरू

### 3 महीने मिलेगा कर्ज

मिली जानकारी के अनुसार किसानों को खरीफ सीजन के लिए कर्ज देने की शुरुआत जून महीने से कर दी जाती है। जून से शुरू होकर या प्रक्रिया सितंबर तक चलती है। किसानों को दिए जाने वाले इस कर्ज की वसूली लिंकिंग व नगदी में की जाएगी। खरीफ सीजन में खेती करने वाले किसानों को 16 प्रकार की फसलों की खेती करने के लिए सहकारी समिति के माध्यम से कर्ज दिया जाएगा। राज्य में खरीफ सीजन में अधिकांशत धान की खेती की जाती है इसलिए सबसे अधिक भंडारण धान के बीज का किया गया है । हजारों क्विंटल धान के बीच के साथ कोदो कुटकी रागी के बीज भी सोसाइटी में उपलब्ध कराए गए हैं ।



### किसानों का 5 साल के लिए होता है पंजीयन

सहकारी समिति से कर्ज लेने वाले किसानों का पंजीयन 5 साल के लिए किया जाता है जो किसान पहली बार कर्ज लेने सहकारी समितियां में पहुंचेंगे उन्हें फॉर्म भरने के साथ ही अन्य तरह की फॉर्मेलिटी पूरी करनी होगी इसके बाद उन्हें कर्ज मिलेगा । इसके अलावा पुराने किसानों को बिना किसी पंजीयन के कर्ज दिया जाएगा लेकिन जिन किसानों का पंजीयन 5 साल पूरे हो गए हैं उन्हें इसका लाभ लेने के लिए फिर से प्रक्रिया पूरी करनी होगी इसके बाद ही उन्हें भी प्रति हेक्टेयर के मान से कर्ज दिया जाएगा ।

## खबर संक्षेप

### श्री राम ध्वज यात्रा 19 को



**बेमेतरा/थान खम्हरिया।** मानस संगठन के तत्वावधान श्रीमज्ज ज्योतिर्मयानंद सरस्वती जी महाराज दंडी स्वामी सलधा के सानिध्य में एक दिवसीय श्री राम ध्वज यात्रा ग्राम पतोरा से निकाली जाएगी। आयोजन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करना। गौ माता की रक्षा के लिए यह यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा 19 जून को सुबह 8:00 बजे श्री राम भगवान की आरती तथा 8:30 बजे अतिथियों के स्वागत के बाद यात्रा प्रारंभ होगी। यह यात्रा पतोरा से नवागांव, टिपनी, थानखम्हरिया ,गुवरा करमु , हाडाहुली , खपरी, ठेलका, धौरा भाटा, अमलीडीह, केवतरा, सुवर तला, बिजा , बोर्ड तारा बोरतरा, परपोड़ी , गाडाड़ीह ,नवाकेशा, देवकर, अकलवारा, मौहाभाटा, साजा, घोटवानी, भैसामुड़ा, महीदही, खैरझिटीकला, डगनिया होते हुए पतोरा पहुंचकर समाप्त होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ईश्वर साहू विधायक साजा होंगे। दीपेश साहू, विधायक बेमेतरा, ओम प्रकाश जोशी भाजपा जिला अध्यक्ष, राजेंद्र शर्मा पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष, हेमंत साहू जनपद सदस्य, भरत साहू अध्यक्ष मानस संगठन, अनिल सिंघानिया, श्री राम सेवा सत्संग मानस समिति संयोजक भी उपस्थित रहेंगे। भारत साहू, श्रवण साहू मीडिया प्रभारी, जोगेंद्र साहू ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों से शामिल होने की अपील की है।

### दो साल में भी नहीं बना शाला भवन



**साजा।** शहर में स्कूल निर्माण को लेकर अधिकारी कितने सक्रिय हैं, इसका अंदाजा नगर पंचायत भवन के सामने निर्माण हो रहे शासकीय हाई स्कूल को देखकर लगाया जा सकता है। इस शाला भवन का निर्माण विगत दो वर्षों में भी पूर्ण नहीं हो पाया है। 18 जून से शाला प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा, लेकिन इस भवन का लाभ छात्रों को इस वर्ष भी मिलने की संभावना नजर नहीं आ रही है। स्कूलों के निर्माण में हो रही देरी से छात्रों को पढ़ाई का भारी नुकसान उठाना पड़ता है। शहर में आत्मानंद स्कूल शासकीय हाई स्कूल सहित अनेक भवनों का निर्माण धीमी गति से हो रहा है। इसके कारण इस वर्ष भी छात्र-छात्राओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। बता दें कि जगह के अभाव में स्कूलों में दो पालियों में कक्षाएं लगाई जा रही हैं।

**सौगात :** शनिवार को मंत्री दयालदास ने किया भूमिपूजन, सांसद बघेल भी हुए शामिल

# नांदघाट में 63 लाख की लागत से बनेगा तहसील कार्यालय भवन, हुआ भूमिपूजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट

शनिवार को देर शाम नांदघाट में 63 लाख की लागत से बनने वाले तहसील कार्यालय भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खाद्य मंत्री व नवागढ़ विधायक दयालदास बघेल थे, अध्यक्षता दुर्ग सांसद विजय बघेल ने की। इस दौरान अतिथियों के स्वागत कार्यक्रम के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नए तहसील भवन निर्माण की नींव रखी गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि नांदघाट तहसील के नवीन भवन के निर्माण होने से क्षेत्र की क्षेत्रवासियों को और भी बेहतर सुविधा मिलेंगी। लोगों को बेहतर सुविधाएं मिले, इसके लिए वे हमेशा प्रयासरत हैं। क्षेत्र के विकास कार्य के लिए धन की कोई कमी नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव सरकार गांव, गरीब, मजदूर और किसानों के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने लोगों को भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दुर्ग लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद विजय बघेल ने उन्हें लगातार दूसरी बार जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं व आमजनता के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार है। इससे देश एवं प्रदेश का सर्वांगीण विकास होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विकास गाथा लिखने में वे अपना योगदान देंगे और क्षेत्र के मुद्दों को संसद में प्रमुखता से रखेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में टार्जन साहू,राजेश जैन,राजेश दुबे,धनलाल देशलहरे,मंजुलता रात्रे,परस वर्मा,अजय साहू,मनीष जायसवाल, बच्ची महाराज,दिनेश सोनी,विकास शुक्ला उपस्थित रहे। मौके पर पीडब्ल्यूडी ईई निर्मल सिंह,एसडीओ भावेश सिंह,नवागढ़ एसडीएम मुकेश गोड़, नांदघाट तहसीलदार जयंत कुमार पाटले,सरपंच सरिता लाला कटारे,विवेक शुक्ला,व्यास वर्मा,शैलेंद्र अग्रवाल, राजू चक्रधारी,कृपाराम निषाद, बेगला यादव, संदीप वैष्णव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### तहसील कार्यालय एक कमरे में संचालित

गौरतलब है कि तहसील बनाओ संघर्ष समिति ने नांदघाट को पूर्ण तहसील के दर्जा देने के लिए आवाज बुलंद की थी। 19 नवंबर 2019 को तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे की पहल पर नांदघाट उपतहसील को पूर्ण तहसील दर्जा दिया था। मुख्यमंत्री ने 31 मार्च 2022 को नांदघाट तहसील के वर्चुअल उद्घाटन किया था। तब से 1 कमरे के राजीव गांधी भवन में तहसीलदारस्तर के सभी राजस्व कार्यों के निपटारा किया जा रहा था।

### नया भवन बनने से मिलेंगी सुविधाएं

राज्य शासन ने नए तहसील भवन के लिए 63 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। पीडब्ल्यूडी विभाग के देखरेख में निर्माण कार्य होंगे। अब खुद का भवन बन जाने से तहसील के अधिकारी कर्मचारियों व फरियादियों को आसानी होगी। वहीं, राजस्व सुविधाओं में विस्तार के साथ रिकार्ड को सुरक्षित रखने मदद मिलेगी। इसके साथ ही शासन स्तर तहसील स्टाफ की भर्ती भी प्रक्रिया में है, जिससे आगामी दिनों में राजस्व मामले में तेजी आएंगी।

# आकाशीय बिजली गिरने से 17 भेड़ व 2 बकरे की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ परपोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम रूसे में हुई घटना

बीते शनिवार को सीमावर्ती परपोड़ी थाना इलाके के रुसे गाँव में गाज गिरने का मामला सामने आ रहा है। इस घटना में समीपवर्ती ग्राम गातापार के पशुपालकों के 17 भेड़ एवं 2 बकरे की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम गातापार में स्थानीय निवासी बल्ला पाल एवं अन्य पशुपालक रोजाना की तरह अपने पशुओं को लेकर चराने के लिए ग्राम रुसे पहुंचे थे। इस दौरान दोपहर को अचानक मौसम बिगड़ गया और तेज अंधड़ चलने लगा। इस बीच बादलों की गड़गड़ाहट को सुनकर भयभीत पशु रुसे स्थित तालाब के पास बरगद पेड़ के नीचे एकत्रित हो गए। इसी बीच पशुओं की टोली पर अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 17 भेड़ एवं 2 बकरे बुरी तरह झुलस गए, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हालांकि इन सब के बीच चरवाहे बल्ला पाल सहित अन्य व्यक्ति सुरक्षित स्थल पर होने से बाल-बाल बच गए।

इस दुर्घटना के बाद पशुपालकों एवं अन्य ग्रामीणों ने परपोड़ी पुलिस को जानकारी दी। इसकी सूचना पर एएसआई सीएल बंजारे ने घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उनके साथ सम्बन्धित क्षेत्र के पशु चिकित्सक भी शामिल थे, जिन्होंने मृत पशुओं का पोस्टमार्टम किया गया। इस दौरान गाज गिरने के कारण 17 भेड़ व 2 बकरे की मौत की पुष्टि की गयी। वहीं, मृत पशुओं के मालिक व चरवाहों को इस हादसे में तकरीबन एक लाख रुपये क्षति पहुंची है। इस हादसे के संबंध में मृत पशुओं के मालिकों ने प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है। जिस पर ज़िला पंचायत बेमेतरा के अध्यक्ष प्रतिनिधि हीरालाल साहू ने बताया कि आकाशीय बिजली के कारण पशुओं की मौत पर पशुपालकों को प्रशासन की ओर से मुआवजा राशि दिलाई जाएगी।

# खाद्य मंत्री ने जेवरा में प्राथमिक शाला के अतिरिक्त कक्ष का किया भूमिपूजन

**बेमेतरा।** खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने जिले के नवागढ़ विकास खंड के ग्राम जेवरा में 16 लाख 10 हजार की लागत से बनने वाले प्राथमिक शाला के अतिरिक्त कक्ष भवन का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने की। स्कूल जतन योजना के अंतर्गत यह राशि स्वीकृत की गई है। खाद्य मंत्री श्री बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने 13 जून को 6 माह पूर्ण कर लिए हैं। प्रदेश सरकार अनुसूचित जातियों, जनजातियों सहित किसानों, मजदूरों समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। खाद्य मंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 9 जून को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है।



छत्तीसगढ़ में अब डबल इंजन की सरकार है। इससे देश एवं प्रदेश का सर्वांगीण विकास होगा। ग्राम जेवरा स्कूल के प्राथमिक शाला के अतिरिक्त कक्ष निर्माण होने से भविष्य में बच्चों को पढ़ाई करने में सुविधा होगी। इस अवसर पर ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन कल

**बेमेतरा।** बलौदाबाजार की घटना को लेकर कांग्रेस 18 जून मंगलवार सरकार की नाकामियों व जैतखाम में तोड़फोड़ के खिलाफ जिला मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय के सामने 11 बजे से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगी।जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशी पटेल ने बताया कि बलौदाबाजार में हुई घटना प्रदेश सरकार की नाकामी है, जिसके विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त धरने में प्रदेश संगठन द्वारा नियुक्त पूर्व विधायक दुर्ग अरुण वोरा मौजूद रहेंगे। श्री पटेल ने जिले के तीनो विधानसभा के कांग्रेस जिला पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, पदाधिकारी व सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, महिला, युवा, एनएसयूआई, अजा, अजजा सहित जनपद, नगरी निकाय, पंच सरपंच से धरना प्रदर्शन में शामिल होने का आग्रह किया है।

# मंगलसूत्र लूटकर भाग रहे एक आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़ा, पूछताछ में 3 और पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवरबीजा

■ बेमेतरा जिले के देवरबीजा चौकी क्षेत्र का मामला

पुलिस चौकी देवरबीजा में लूट का एक मामला सामने आया है। चौकी देवरबीजा से 2 किलोमीटर दूर ग्राम बीजा में लक्ष्मी वर्मा उम्र 35 वर्ष हमेशा की तरह गांव में किराना दुकान चला रही थी। शुक्रवार रात्रि लगभग 8 बजे एक आरोपी ज्ञानू साहू उम्र 21वर्ष और पवन साहू उम्र 24 वर्ष पिता संतोष साहू ग्राम सिलतरा रायपुर निवासी गुटखा लेने उनकी दुकान पर पहुंचे। गुटखा लेकर 200 रूपये का नोट दिया। इस बीच आरोपी ज्ञानू साहू महिला के गले से मंगलसूत्र लूट कर भागने लगा। इस पर



महिला ने शोर मचाया, जिस पर ग्रामीणों ने आरोपी ज्ञानू साहू को धरदबोचा। उसके बाद ग्रामीण ने तत्काल पुलिस चौकी देवरबीजा को सूचना दी। लूट की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी सहित स्टॉफ पुलिस ग्राम बीजा ▶▶| शेष पेज 13 पर

उनकी लिखी पुस्तक बेसिक जापानी भाषा का महाराष्ट्र के राज्यपाल बैस ने किया विमोचन

# कंडरका स्कूल की शिक्षिका केंवरा विद्यार्थियों को सीखा रहीं जापानी भाषा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी 2020 में बहु भाषावाद पर बहुत ज्यादा जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में विद्यालय के बच्चों को अलग-अलग प्रदेश की भाषाओं को सिखाया जा रहा है साथ ही वहां की संस्कृति से बच्चों को अवगत कराया जा रहा है।

इसी कड़ी में बेरला विकासखंड के कंडरका स्कूल की शिक्षिका केंवरा सेन बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय भाषा, जापानी भाषा सीखा रही है। बच्चे भी बहुत ही उत्साह पूर्वक जापानी भाषा को सीख रहे हैं। पहले स्वयं अंतर्राष्ट्रीय जापानी भाषा सीखकर बच्चों को जापानी भाषा सीखाने वाली हमारे छत्तीसगढ़ की पहली शिक्षिका हैं। उनकी लिखी हुई पहली पुस्तक किहोन तेकि ना निहोंगों (बेसिक जापानी भाषा का पुस्तक) का विमोचन पिछले दिनों महाराष्ट्र राज्य के अन्तर्गत लोनावला में वेध सम्मेलन के दौरान हुआ।

शिक्षिका केंवरा सेन ने बताया कि इस गरिमामय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस, मेरे प्रेरणास्त्रोत नंदकुमार आईएएस पूर्व शिक्षा सचिव (छत्तीसगढ़) जो अभी वर्तमान में महाराष्ट्र में शिक्षा एवं मनरेगा विभाग में कार्यरत हैं, तथा सुनील जोगदेव (जापानीस भाषा के कोच) हनुमान रिसोर्स डेवलपमेंट जो महाराष्ट्र के औरंगाबाद से हैं, जिनसे मैंने ऑनलाइन जापानी भाषा को सीखा और महाराष्ट्र के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में भी इस भाषा का अद्भुत ज्ञान बिखेरा, उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि श्री जोगदेव ऐसे महान गुरु और प्रेरणास्त्रोत हैं, जो शिक्षक के पद पर कार्यरत नहीं हैं, लेकिन एक शिक्षक की भूमिका का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन किया। उन्होंने बताया कि सुनील मिश्रा और निलेश घुगे की सहायता से मेरी पहली पुस्तक (बेसिक जापानी भाषा) किहोन तेकि ना निहोंगों, जो मेरे द्वारा लिखी गई है, उसका विमोचन संभव हुआ। यह पुस्तक महाराष्ट्र के पुणे शहर में नंदकुमार के सानिध्य में छपकर आ गई है। शिक्षिका केंवरा सेन कहती है कि मेरे प्रेरणास्त्रोत रहे नंदकुमार आज भी महाराष्ट्र में होते हुए भी महाराष्ट्र के बच्चों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के बच्चों के लिए भी प्लानिंग के साथ कार्य कर रहे हैं, ताकि हमारे छत्तीसगढ़ के बच्चे भी किसी भी क्षेत्र में पीछे ना रहें।

**कंडरका में 20 बच्चे सीख रहे जापानी भाषा :** शिक्षिका केंवरा सेन कहती हैं कि आज बच्चों को बहुभाषी शिक्षण के अंतर्गत चाहे हमारे देश की भाषा हो या विदेश की भाषा हो, सीखने की आवश्यकता है। इस प्रतिस्पर्धा के युग में हमारे शासकीय विद्यालय के बच्चे ▶▶| शेष पेज 13 पर



### वीडियो बनाकर अपलोड कर रहीं बच्चियां

शिक्षिका ने बताया कि अभी विद्यालय की तीन बच्चियाँ कोमिका यादव, जानकी निषाद, नागेश्वरी यदु ये तीनों मिलकर पूरे पुस्तक का वीडियो तैयार करके अपने खुद के (कोमिका यादव) यूट्यूब चैनल पर अपलोड कर रही हैं, ताकि अन्य लोगों को भी इसका लाभ मिल सके, और अपना सुनहरा भविष्य तैयार कर सकें। शिक्षिका केंवरा सेन के इस अनुकरणीय कार्य पर बेरला बीईओ जयप्रकाश करमाकर, बीआरसी बेरला खोमलाल साहू, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अधेश उइके, नारायण ठाकुर, लव साहू, ताकेश्वर साहू, राजेन्द्र झा प्राचार्य, प्रहलाद कुमार टिकरिहा प्रधान पाठक ने हर्ष व्यक्त किया है और सभी ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

### सूने घर के सेप्टिक टैंक में मिली लाश

**भिलाई।** दुर्ग के ग्राम खुरसुल में बांध के पास एक सुनसान घर के सेप्टिक टैंक में शनिवार को एक अज्ञात शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जाँच शुरू कर दी है। मृतक युवक कौन है, और कहां का है। इसकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार को ग्राम खुरसुल के बांधा के पास भिलाई निवासी केदार कुमार पात्रो जिनका 2.5 एकड़ खेत है ,जिसपर स्टोर रूम के उपयोग के लिए बनाए 2 मंजिला घर के सेप्टिक टैंक पर युवतियों को एक युवक का शव पड़ा दिखाई दिया। जिसकी सूचना नगपुरा चौकी पुलिस को दी गई।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

# एक कंपनी ने बढ़ाई सीमेंट की 20 रुपए कीमत, दूसरी कंपनियां भी बढ़ाने की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक बार फिर से बीते साल की तरफ मानसून में सभी सीमेंट कंपनियां दाम बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं। एक कंपनी ने तो 20 रुपए कीमत बढ़ा दी है, बाकी कंपनियां भी कीमत बढ़ाने की तैयारी में हैं। वैसे नए साल में सीमेंट के दाम एक बार भी नहीं बढ़े हैं। अब कीमत में सभी कंपनियां 20 रुपए का इजाफा करने की तैयारी में हैं। कंपनियां कारोबारियों से कह रही है, 20 रुपए ज्यादा कीमत पर माल बेचें, हालांकि कारोबारी तैयार नहीं हो रहे हैं, क्योंकि डिमांड ही नहीं के बराबर है। अगर कीमत ज्यादा बताएंगे तो ग्राहक और कम हो जाएंगे। प्रदेश की सीमेंट कंपनियां प्रदेश के कारोबारियों को कम माल दे रही हैं और बाहर के राज्यों में ज्यादा माल भेज रही हैं, क्योंकि बाहर के राज्यों में काम चल रहा है।

हरिभूमि सरोकार

## प्रदेश में सप्लाई कम, दूसरे राज्यों में जा रहा ज्यादा माल

### अभी बीते साल की ही कीमत

नए साल में सीमेंट की कीमत में एक बार भी इजाफा नहीं हुआ है। बिल्डिंग मटेरियल का कारोबार करने वालों का कहना है, इस समय डिमांड बहुत कम है। जिन कारोबारियों के यहां रोज का एक ट्रक तक माल बिक जाता था, उनके यहां मुश्किल से 50 से 60 बोरी ही बिक रहा है। इसी के साथ छोटे कारोबारियों के यहां तो कई-कई दिनों तक एक बोरी सीमेंट भी नहीं बिक रहा है। इस समय दाम बीते साल वाले ही हैं। लोकल सीमेंट जहां चिल्हर में 280 रुपए के अंदर है, वहीं ब्रांडेड कंपनियों का सीमेंट 300 से 305 रुपए में मिल रहा है।



### अब कीमत बढ़ाने की तैयारी

कारोबारियों का कहना मार्च क्लोजिंग होने के कारण सीमेंट कंपनियों का अपना बीते साल का कोटा पूरा हो गया। इसके बाद डिमांड न होने के कारण दो माह कीमत में इजाफा नहीं किया गया। लेकिन अब कंपनियां कीमत बढ़ाने की तैयारी में हैं। कंपनियों का हर माह का अपना कोटा रहता है, कोटा पूरा करने के लिए आमतौर पर कीमत बढ़ाने की बात करके डीलरों को माल बेच दिया जाता है। इसके बाद कई बार कीमत बढ़ा देते है और कई बार कीमत में इजाफा नहीं भी किया जाता है। एक कंपनी ने कीमत बढ़ा दी है, पर कारोबारी माल नहीं उठा रहे हैं।

प्रदेश की सीमेंट कंपनियों ने बीते साल सीमेंट की कीमत में भारी इजाफा कर दिया था। इतिहास में पहली बार अक्टूबर में सीमेंट की कीमत साढ़े तीन सौ रुपए से पार होकर चिल्हर में 370 रुपए हो गई थी। कंपनियों ने मानसून के समय सितंबर में जहां 35 रुपए कीमत बढ़ाई वहीं अगस्त के अंत में ही 20 रुपए कीमत बढ़ाई गई थी। दस दिनों में कीमत में 55 रुपए का इजाफा हो गया था। कीमत में और इजाफा करने की तैयारी थी, लेकिन डिमांड न होने के कारण कीमत नहीं बढ़ाई गई। जब खरीदारों ने हाथ खड़े कर दिए तो कीमत कुछ कम करने का दौर प्रारंभ हुआ। इसके बाद कीमत कम होते-होते साल के अंत में कीमत बहुत कम हो गई और ब्रांडेड सीमेंट तक 300 से 305 रुपए तक हो गया।

## खबर संक्षेप

### धोबी समाज का महाधिवेशन 20 को, रजक महोत्सव भी

**रायपुर।** रायगढ़ में ईडन गार्डन बोईरदादर चौक में 20 जून को छत्तीसगढ़ धोबी समाज का महाधिवेशन और रजक महोत्सव मनाया जाएगा। इस महाधिवेशन में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी, निर्वाचित, मनोनीत जनप्रतिनिधि पंच, सरपंच, जिला पंचायत सदस्य, पार्षद एवं समाज के सक्रिय पदाधिकारियों का सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को समाजजन पहले ही आमंत्रित कर चुके हैं। इस कार्यक्रम में विवाह योग्य युवक-युवती अपना परिचय देंगे। साथ ही क्षेत्रीय सांसद राधेश्याम राठिया एवं पद्मश्री, समाज गौरव रामलाल बरेठ का अभिनंदन भी होगा। महाधिवेशन की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर करेंगे। समाज के प्रदेश महामंत्री रामायण रजक, वरुण निर्मलकर ने बताया कि समारोह सुबह 10 बजे से प्रारंभ हो जाएगा और समाज के पदाधिकारी जो दूरदराज से आएंगे, 19 जून को ही रात में कार्यक्रम स्थल पहुंच जाएंगे। सभी लोगों की रुकने एवं भोजन की व्यवस्था की गई है। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, मुख्यमंत्री के निजी सचिव तुलसी कौशिक, जिला पंचायत सदस्य राजू शर्मा, शिवशंकर वर्मा, उमेश अग्रवाल आदि शामिल होंगे।

### मंदिर में स्थापना दिवस पर भजन कीर्तन

**दुर्ग।** श्री मनोकामनेश्वर महादेव एवं श्री दक्षिणमुखी हनुमान संतरा बड़ी दुर्ग में स्थित मंदिर का द्वितीय वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा शिवजी के भजन और सुन्दरकाण्ड का भी आयोजन किया गया जिसमें समस्त मोहल्लावासी शामिल हुए।

### दूरसंचार संबंधी बैठक

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में दूरसंचार अवसंरचना के विकास के लिए तार मार्ग के अधिकार राईट ऑफ वे की नीति 2021 के अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि टावर व फाइबर के लिए प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर सभी नगरीय निकायों से अभिमत प्राप्त कर लिया गया है।

### माहेश्वरी पंचायत ने रक्तदान शिविर में 45 यूनिट रक्त का किया दान

**दुर्ग।** श्री माहेश्वरी पंचायत द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 35 यूनिट रक्त एकत्रित हुए। इसके अलावा दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव के जन्मदिन पर 10 यूनिट रक्त दान किया गया। इस प्रकार ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय को 45 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ। रक्तदान शिविर में सीएमएचओ डॉ जे पी मेश्राम, जिला चिकित्सालय दुर्ग सिविल सर्जन अधिकारी डॉ हेमंत साहू, ब्लड बैंक नोडल अधिकारी डॉ प्रवीण अग्रवाल, डॉ नेहा नलवाया, काउंसलर एंथोनी, तरूणा रावत, लैब टेक्नोलोजीस्ट रोशन सिंह लैब सुपरवाइजर रूपेश सप्रेएलैब टेक्नीशियन महेंद्र चंद्राकरए दिनेश, प्रशांत डोंगावकर, सतीश सुराना, दुष्यंत देवांगन मौजूद थे।

### मत्स्याखेट 16 जून से 15 अगस्त तक प्रतिबंधित

**दुर्ग।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि प्रजनन को दृष्टिगत रखते हुये उन्हें संरक्षण देने हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा-3 उपधारा-2, दो के तहत 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक की अवधि को बंद ऋतु क्लोज सीजन के रूप में घोषित किया गया है। उप संचालक मछली पालन विभाग से मिली जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त नदियों,नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब जलाशय बड़े या छोटे जो निर्मित किये गये है। केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट 16 जून से 15 अगस्त तक पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। इन नियमों का उल्लंघन करने पर अधिनियम के नियम-3, 5 के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10,000 रूपये का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है।

# रेत खदानों में खुलेआम चेन माउंटेन मशीनों से उत्खनन जारी, विभाग के अधिकारी मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में रेत खदानों पर एक ओर जहां रेत माफिया अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर परिवहन करा रहा है, वहीं दूसरी ओर जिन खदानों को सीआ से एनओसी मिली है, वहां भी खुलेआम चेन माउंटेन मशीनों से रेत का उत्खनन कर परिवहन कराया जा रहा है।

- निरीक्षण पर निकलने वाली टीम भी सिर्फ सड़कों पर करती है कार्रवाई

इधर खनिज विभाग के अधिकारी और इंस्पेक्टर दफ्तरों तक ही सीमित हैं। हरिभूमि की टीम ने हाल ही में आरंग क्षेत्र में अवैध और नियम विरुद्ध तरह से खदानों में चल रहे रेत का उत्खनन व परिवहन को लेकर लाइव पड़ताल कर इसकी खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इस खबर के बाद संभावना जतायी जा रही थी कि विभाग के अधिकारी और इंस्पेक्टर या टीम इस क्षेत्र का निरीक्षण कर कार्रवाई करेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। इन क्षेत्रों की खदानों में शनिवार को भी अवैध और नियम विरुद्ध तरह से रेत का उत्खनन व परिवहन का काम बेखौफ व धड़ल्ले से जारी है।

### टीम भी नहीं भेजी गई

आरंग क्षेत्र के बेनीडीह और पारागांव स्थित महानदी में रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन किया जा रहा है। हरिभूमि की पड़ताल में पहले ही खुलासा हो चुका है कि इस नदी के अंदर रेत का उत्खनन करने के लिए कई रास्ते बना दिए गए हैं, जिससे नदी कई टुकड़ों में बंटी दिखाई दे रही है। रेत माफिया के लोग नदी के अंदर चेन माउंटेन मशीनों से खुलेआम उत्खनन कराकर हाईवा गाड़ियों में लोडिंग करा रहे हैं, लेकिन इस खबर के बाद भी खनिज विभाग की टीम तक यहां निरीक्षण करने नहीं पहुंची। इससे पता चलता है कि कहीं न कहीं रेत माफिया को विभाग के अधिकारी व इंस्पेक्टरों का भी संरक्षण प्राप्त है।



### रेत खदानों में अक्टूबर तक उत्खनन पर लगा प्रतिबंध

सेंट्रल पर्यावरण विभाग की गाइड लाइन के अनुसार बारिश के सीजन में मानसून की दस्तक के साथ देश के सभी राज्यों की रेत खदानें में उत्खनन पर रोक लग जाती है। पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ में 10 जून से 10 अक्टूबर तक रेत खदानों पर उत्खनन पर रोक लगाई गई थी, लेकिन रायपुर जिला प्रशासन व खनिज विभाग के अधिकारियों के अनुसार जिले में इस बार 15 जून से रोक लगाई है, जो अक्टूबर के दूसरे पखवाड़ा तक लगी रहेगी। हालांकि प्रशासन स्तर पर खदानों में रोक लगाने संबंधित अब तक कोई आदेश जारी नहीं किया गया है।

### जांच सिर्फ सड़कों पर

अब तक देखा गया है कि खनिज विभाग की टीम जो निरीक्षण पर निकलती है, वह सिर्फ सड़कों पर ही घूम-घूमकर निगरानी करते हुए गाड़ियों को चेक करती है। इस दौरान अगर किसी के पास रायल्टी पर्ची नहीं मिलती, तो उसके मालिक के विरुद्ध कार्रवाई की जाती है। इस तरह टीम भी खदानों का निरीक्षण करना छोड़ सिर्फ सड़कों पर ही गश्त करती है।

### बारिश के सीजन में महंगे दाम पर बेचकर जमकर मुनाफा कमाएंगे

अवैध रूप से भंडारण करने वाले रेत के ठेकेदार व माफिया बारिश के सीजन में इसी रेत को बढ़ी हुई कीमत पर बेचकर जमकर मुनाफा कमाएंगे, जबकि शासन को इससे लाखों-करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान होगा।

### जमकर हो रहा रेत का अवैध भंडारण

आरंग क्षेत्र में मानसून से पूर्व रेत ठेकेदार और माफिया द्वारा रेत का जमकर अवैध भंडारण कराया जा रहा है। कई जगहों पर रेत पहाड़ की तरह नजर आने लगी है। इसके बावजूद विभाग के अधिकारी, इंस्पेक्टर व टीम अवैध भंडारण करने वालों पर न ही कार्रवाई कर रही है और न ही रेत को जब्त किया जा रहा है।

# परसुलीडीह कालोनी में निगम की टंकी का पानी, 4 साल बाद जल शुल्क का हिसाब-किताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम अब हाउसिंग बोर्ड की परसुलीडीह कालोनी के जल आपूर्ति के एवज में शुल्क वसूलेगा। इसके लिए जोन 9 कमिश्नरी की ओर से पिछले 4 साल में की गई जल आपूर्ति का हिसाब-किताब तैयार करायाजा रहा है। निगम की सड्डू पानी टंकी से इस कालोनी के 600 मकानों में प्रतिदिन 4 लाख लीटर पानी की आपूर्ति हो रही है। जबकि हाउसिंग बोर्ड की परसुलीडीह कालोनी नगर निगम सीमा क्षेत्र से बाहर स्थित है।

- हाउसिंग बोर्ड की परसुलीडीह कालोनी का मामला

परसुलीडीह स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी में 4 साल तक बिना शुल्क के जल आपूर्ति के बाद अब




जोन 9 कमिश्नरी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल से इस कालोनी में जल आपूर्ति का शुल्क वसूलेगा। इसके लिए डिमांड नोट तैयार कराया जा रहा है। यही नहीं, जोन 2 को पत्र लिखकर पूर्व में जल शुल्क के भुगतान की स्थिति की जानकारी भी मंगाई जा रही है।

विदित हो, परसुलीडीह स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी करीबन 10 साल पुरानी है। पहले यह जोन 2 क्षेत्र का हिस्सा रहा। परिसीमन के बाद नए जोन 9 का एरिया में चला गया।

### बनवा रहे डिमांड नोट

पिछले 4 साल से सड्डू पानी टंकी से हाउसिंग बोर्ड की परसुलीडीह कालोनी में पानी आपूर्ति कर रहे हैं। जल शुल्क का आकलन कर डिमांड नोट तैयार करने राजस्व महकमे को निर्देशित किया है।

*- **संतोष पांडे,** कमिश्नर, जोन क्रमांक 9, नगर निगम रायपुर*

# जेसीआई ने रक्तदान में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा 170 यूनिट किया दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जेसीआई दुर्ग-भिलाई ने विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर नवदृष्टि फाउंडेशन तथा अन्य सम्मानित संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में दुर्ग जिला गवर्नमेंट हॉस्पिटल में ड्रॉप्स ऑफ होप मेगा रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया। इस शिविर में 170+ रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। अध्यक्ष जेसी योगेश राठी ने सभी रक्तदाताओं और उन सम्मानित सदस्यों को टोकन ऑफ लव भेंट कर उनकी सराहना की जिन्होंने पूरे शिविर के दौरान दाताओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मुख्य सूत्रधार जेसीआई दुर्ग भिलाई के ऑनरेरी मेंबर राज अड़ातिया रहे और दुर्ग शहर के विधायक गजेंद्र यादव, दुर्ग मेयर धीरज बाकलीवाल और पूर्व विधायक अरूण वोरा की विशेष उपस्थित रहे। कार्यक्रम निदेशक डॉ. जेसी गुञ्जा पिंचा और प्रभारी निदेशक जेसी गौरव अग्रवाल ने इस उल्लेखनीय मील के पत्थर को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत की। सचिव जेसी जीएसएम वामसी, उपाध्यक्ष जेसी हिमांशु देवांगन और मार्गदर्शक जेसी अनुभव जैन की महत्वपूर्ण भूमिकाओं ने इस शिविर को बड़ी सफलता दिलाई। शिविर दिवस में जेसी प्रांजल हरिहरनो और जेसी प्रिया अग्रवाल ने स्वयंसेवा से इस अद्भुत शिविर का आयोजन संभाला। जेसीआई पूर्व अध्यक्षों जेसी अमर सिंह गुप्ता, जेसी राजीव अग्रवाल, जेसी सीपी गजवानी, जेसी विकास बाफना, जेसी प्रवीण परमार, जेसी राजेश सांखला, जेसी प्रणय माहेश्वरी, जेसी नितिन अग्रवाल, जेसी मोनिश अग्रवाल और जेसी सुरेंद्र मोनिका खेतान के निरंतर समर्थन और विरासत ने सभी को प्रेरित किया।

# युवक की हत्या कर लाश खारुन में फेंकी, एक सप्ताह पूर्व की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक सप्ताह पूर्व पुलिस ने पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में खारुन नदी में एक अज्ञात युवक की लाश बरामद की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की हत्या होने की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही पुलिस ने अज्ञात युवक की शिनाख्त कर ली है। मृतक खमतराई थाना क्षेत्र का रहने वाला है। हत्या की घटना को सुलझाने पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।

- पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का मामला, हत्यारों की पतासाजी में जुटी पुलिस

पुलिस के मुताबिक खमतराई, सन्यासीपारा निवासी विधाता यादव की भाठागांव खारुन नदी में सोमवार को लाश मिली थी। इस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की। इसी दौरान पुलिस को मृतक की शार्ट पीएम रिपोर्ट मिली। शार्ट पीएम



रिपोर्ट में सिर पर चोट के निशान मिले। इसके बाद पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। शिनाख्ती के बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों से संपर्क कर पूछताछ की।

मृतक के परिजनों से पूछताछ के आधार पर पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस पता लगाने की कोशिश कर रही है कि विधाता खारुन नदी किन लोगों के साथ और क्या करने के लिए गया था। पुलिस इस बात की भी जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है कि विधाता की हत्या कहीं दूसरी जगह कर लाश को ठिकाना लगाने के लिए खारुन नदी में लाकर नहीं फेंका गया।

# धरम नगर, छत्तीसगढ़ नगर बस्ती के बड़े नाला की सफाई, 3 क्विंटल स्लैब निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहीद पंकज विक्रम वार्ड के छत्तीसगढ़ नगर और धरमनगर बस्ती के बड़े नाला की बारिश पूर्व शनिवार को सफाई कराई गई। इस दौरान भारी मशक्कत के बाद 3 क्विंटल स्लैब बाहर निकाला गया। सुबह से ही नाला सफाई के लिए छोटी पोकलेन मशीन और जोन गैंग की टीम को इस कार्य में लगाया गया। इस दौरान 5 डंपर मलबा नाला से बाहर निकाला गया।

- पुराना स्लैब नीचे गिरने से गंदे पानी का निकास बाधित, भारी मशक्कत के बाद सफाई

नगर निगम जोन 6 के बड़े नाला की सफाई के दौरान भारी मात्रा में मलबा बाहर निकालकर गंदे पानी का सुगम निकास की व्यवस्था की गई। जोन अध्यक्ष निशा देवेंद्र-यादव ने बताया कि धरम नगर, छत्तीसगढ़ नगर जैसी घनी आबादी में बारिश का पानी पचपेड़ी नाका, मार्बल लाइन रिंग रोड से होकर संतोषी नगर निकलता है। इसकी सफ़ाई किया जाना बहुत ज़रूरी था, इसे देखते हुए निगम ने छोटी पोकलेन मशीन और ज़ोन के सफाई कामगारों की टीम को सुबह से ही नाला सफ़ाई के लिए लगाया गया। सफाई के दौरान रिंग रोड में अशोक मार्बल के सामने नाला में मार्बल व्यवसायियों द्वारा लंबा स्लैब डाल दिया गया था, जिसमें वहीं पर पुराना स्लैब नीचे में गिर जाने के कारण नाला जाम रहा। सफ़ाई के दौरान भारी मशक्कत के बाद करीब 3 क्विंटल स्लैब



और 5 डंपर मलबा नाले से बाहर निकाला गया। नाला सफ़ाई के दौरान पार्षद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, निगम के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी तृप्ति पाणिग्रही निगम मुख्यालय की टीम के साथ ही जोन 6 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी संजीव शर्मा जोन टीम के साथ मौजूद रहे।

## सांसद विजय बघेल से मिलकर बताई अपनी समस्याएं

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मांगा नियमित वेतनमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ की दुर्ग जिला ईकाई ने सांसद विजय बघेल से उनके सेक्टर 5 निवास में मुलाकात की। इस दौरान संघ की जिला अध्यक्ष गीता बाग के नेतृत्व में सांसद बघेल को दूसरी बार निर्वाचित होने पर बधाई देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के नाम मांग पत्र का एक ज्ञापन सौंपा गया। सांसद बघेल ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि उनकी मांगें उच्च स्तर पर पहुंचाई जाएगी।



### इन मांगों को सांसद के समक्ष रखा

छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ द्वारा सांसद विजय बघेल को सौंपे गए ज्ञापन में कार्यकर्ता को तृतीय श्रेणी कर्मचारी के समकक्ष नियमित वेतनमान, सहायिका को चतुर्थ श्रेणी समकक्ष नियमित वेतनमान, पर्यवेक्षक भर्ती प्रक्रिया शिथिल करते हुए 50 प्रतिशत पद पर कार्यकर्ताओं को वरिष्ठता व योग्यता के आधार पर पदोन्नति, सहायिकाओं को शत-प्रतिशत कार्यकर्ता पद पर पदोन्नति, मिनी आंगनबाड़ी को निःशर्त पूर्ण आंगनबाड़ी का दर्जा देने तक समान काम समान वेतन मानदेय, फ्रेश कार्यकर्ता को कार्यकर्ता के पद पर को समायोजित करने तथा यूनिफार्म के रूप में (साड़ी) की जगह ब्लेजर दिए जाने की मांग रखी गई है।

### शासकीय विभागों का बंटा रहे हैं हाथ

संघ के प्रतिनिधि मंडल ने सांसद विजय बघेल को बताया कि छत्तीसगढ़ की 1 लाख से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका लगातार अपनी शासकीय कर्मचारी बनाने की मांग को शासन प्रशासन के समक्ष रखते आ रहे हैं। इसके लिए लंबे समय से संघर्ष करते आ रहे हैं। वर्ष 1975 से विगत 47 वर्षों के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं अपने विभागीय कार्यों के साथ-साथ शासन के अन्य विभागों से संबंधित कार्य जैसे जनगणना, निर्वाचन आयोग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पोषण ट्रेकर एवं शासन द्वारा प्रदत्त अन्य सर्वेक्षण कार्य निरंतर करते आ रहे हैं।

### शासन का न्यूनतम वेतनमान हमें मिले

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा है कि शासन द्वारा निर्धारित श्रमिकों के न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के तहत निर्धारित दर न्यूनतम वेतनमान भी हमें नहीं मिलता, परंतु कार्य शासकीय कर्मचारियों जैसा लिया जाता हैं। वर्तमान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को 10000 रुपए, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को 7,500 एवं आंगनबाड़ी सहायिका को 5000 रुपए मिलने वाला मानदेय वर्तमान महंगाई एवं कार्य के अनुसार बहुत ही कम है। केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान में बहुत सारी योजनाओं की शुरूआत कर सभी महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है।

### आईआईएमएम ने आरजीपीवी को 9 विकेट से हराया

**भिलाई।** डायरेक्टर इंचार्ज ट्राफी में दो लीग मैच खेले गये पहला मैच आईआईएमएम और आरजीपीवी के मध्य खेला गया। आरजीपीवी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। निर्धारित ओवर में आरजीपीवी की टीम ने 4 विकेट खोकर 69 रन बनाए। आरजीपीवी के हेमंत अमारिया ने अपनी टीम के लिए सर्वाधिक 30 गेंदों में 32 रनों की पारी खेली। इसके जवाब में आईआईएमएम ने मात्र 7.1 ओवर में 1 विकेट खोकर आसानी से अपने लक्ष्य को हासिल कर लिया। शिखर शर्मा मैन ऑफ द मैच रहे।

## पेज 11 के शेष

### मंगलसूत्र लूटकर भाग रहे ...

पहुंचे। उसके बाद ग्रामीणों ने आरोपी को पुलिस के हवाले किया। वहीं, आरोपी से पूछताछ के बाद बाकी के अन्य तीन आरोपियों को पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि ज्ञानू साहू, पवन साहू, भीसंभर पिता पोटलु ग्राम बाबा सिंघौरी पुलिस चौकी देवरबीजा, केशव चौहान पिता सनत चौहान उम्र 39 देवरबीजा ने प्लान बना कर लूट की घटना को अंजाम दिया गया। चौकी प्रभारी डीएल सोना ने बताया कि लूट के बाद भाग रहे एक आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़ रखा था। उससे पूछताछ में मिली जानकारी के अनुसार अन्य तीन आरोपियों के भी पकड़ लिया गया, जिन्हें बाद में न्यायालय में पेश किया गया।

### कंडरका स्कूल की शिक्षिका ...

भी पीछे ना रहें। हम उन्हें ऐसे अवसर प्रदान करें ताकि वे अपने आप को समय के साथ साथ अपडेट कर सकें। हमारे देश के साथ साथ विदेश में भी एक अच्छा जीवन यापन कर सकें। यही इस पुस्तक को लिखने का मेरा उद्देश्य है। आज मेरे विद्यालय कंडरका में 20 बच्चे जापानी भाषा सीख रहे है। मेरा यह ज्ञानार्जन मेरे बच्चों के लिए समर्पण है।

## खबर संक्षेप



### कुथरेल में हुआ एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**अंडा।** गायत्री ज्ञान मंदिर कुथरेल में गायत्री जयंती के पावन अवसर पर एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। गायत्री परिजनों ने सुबह से ही ध्यान जप साधना व पूजा का कार्यक्रम आरंभ कर दिया गया था। उसके बाद एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ किया गया। इस अवसर पर शैल दीदी ने गायत्री जयंती, पतित पावनी मां गंगा और परम पूज्य गुरुदेव के महाप्रयाग दिवस पर विशेष संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बताया कि मां गायत्री ही हैं, जो कि व्यक्ति में सद्गुण और सद्प्रवृत्ति को बढ़ाने में सहयोग करती हैं। कार्यक्रम में यशवंत देशमुख, दुलारी देवांगन, संतोष देवांगन, कुंती देशमुख, सुशीला, तुलसी, गायत्री, रश्मि, कचरी, देविका, रोशनी, गीता, गंगा, खोमेश्वरी, जान्हवी एवं प्रेम देशमुख उपस्थित थे।

### देवरी ख में महिला समूह ने चलाया सफाई अभियान



**अंडा।** प्रेरणा स्व सहायता समूह देवरी ख द्वारा गांव में स्कूल खुलने से पहले वहां पर आसपास में फैले कचरे को साफ सफाई की गई। समूह की अध्यक्ष वेदकुमारी, सदस्य वीणा, भूपेशवरी, लता, मालती, सरोज, पदमा, दूरपति सावित्री, सुसीला, सोहद्रीन, राजेसवरी, पूर्णिमा, सोनिया, पदमा, रखमणि, वीणा, दूरपति ने सफाई अभियान में हिस्सा लिया। समूह की अध्यक्ष वेदकुमारी ने कहा कि गांव में साफ-सफाई रखना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हमारे शरीर की सफाई करते हैं, उसी तरह गांव के चौराहे, भवन, स्कूल प्रांगण सहित सभी जगह को साफ रखना हमारी जिम्मेदारी है।

### औरी में हुआ गायत्री महायज्ञ



**जामगांव आर।** औरी में दो दिवसीय जनशताब्दी स्वर्ण जयंती कार्यक्रम के अंतर्गत गायत्री महायज्ञ, जनशताब्दी संकल्प, दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया। परम पूज्य गुरु आचार्य देव परमानंद फिंगेश्वर वाले की टोली द्वारा गायत्री महायज्ञ संपन्न कराया गया। आयोजन को सफल बनाने में धर्म मर्मज्ञ संतोष शर्मा, प्राचार्य योगेंद्र साहू, रामेश्वरी साहू सहित ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग रहा।

### एस कुमार ने 19वीं बार किया रक्तदान



**गुरूर।** जनपद पंचायत सभापति एस कुमार कलिहारी ने रक्तदान किया। वे अब तक 19वीं बार रक्तदान कर चुके हैं। रक्तदान करने के बाद उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को हर 3 महीने में रक्त दान करना चाहिए। रक्तदान करने से न केवल जरूरतमंद लोगों का, बल्कि स्वयं के स्वास्थ्य में भी बहुत सारे फायदे होते हैं। उन्होंने कहा कि युवा रक्तदान कर समाज के लिए उदाहरण बनें।

### आईआईएमएम ने आरजीपीवी को 9 विकेट से हराया

**भिलाई।** डायरेक्टर इंचार्ज ट्राफी में दो लीग मैच खेले गये पहला मैच आईआईएमएम और आरजीपीवी के मध्य खेला गया। आरजीपीवी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। निर्धारित ओवर में आरजीपीवी की टीम ने 4 विकेट खोकर 69 रन बनाए। आरजीपीवी के हेमंत अमारिया ने अपनी टीम के लिए सर्वाधिक 30 गेंदों में 32 रनों की पारी खेली।

# घर-घर नल से जल पहुंचाने खोदकर छोड़ दी सड़क, लोगों का चलना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/कोदवा

समीपस्थ ग्राम पंचायत मोहभट्ठा में नल-जल योजना के तहत पाइप लाइन डाली गई और यह सड़क लगभग कई माह से खुदी पड़ी हुई है जिससे लोगों को निकलने में परेशानी हो रही है। गांव में पाइप लाइन डालने का कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन वहां सड़क को दुरुस्त नहीं किया गया है। पूरे गांव की सीसी सड़क तहस नहस कर दी है। खुदी हुई सड़क से जब एक दिन के बारिश का पानी निकला तो इस सड़क पर कहीं कहीं एक से दो फीट गहरे गड्ढे हो गए है। जिससे सड़क पर वाहन निकालना तो दूर पैदल चलना मुश्किल हो रहा है।

- गड्ढों ने बढ़ाई ग्रामीणों की परेशानी, बारिश में कीचड़ की समस्या अलग

ग्रामीण नरसिंह साहू ने बताया कि हमें प्रतिदिन सुबह उठकर मंदिर जाना पड़ता है और ऊबड़ खाबड़ सड़क पर चलने में बहुत परेशानी होती है। उन्होंने बताया कि सड़क पैदल भी ठीक से चला नही जाता है। ग्रामवासी सुभाष सिन्हा ने बताया कि खराब सड़क से बाइक भी ठीक तरह से नहीं चलाई जाती है एक दो बार तो मैं गिर भी चुका हूं। जिससे बाइक क्षतिग्रस्त हो गई थी और मुझे भी चोटें आई थी। उन्होंने बताया कि इस गांव में कोई सुनने वाला नहीं है और न ही किसी जनप्रतिनिधि व अधिकारी को इस गांव परवाह है।

## जिले की ग्राम पंचायत मोहभट्ठा का मामला



### ग्रामीणों ने कहा- पैदल चलना भी मुश्किल

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के हालात बद से बदतर हो गए हैं। गांव में कहीं कहीं पर तो सीसी सड़क को इतना क्षतिग्रस्त कर दिया है कि जिससे पूरी सीसी सड़क तहस नहस हो गई है और पाइप लाइन डालने के बाद सीसी सड़क को ऐसे ही छोड़ दिया है जिससे इस सड़क पर मौजूद भारी भरकम गड्ढों से वहां से गुजरने वालों को काफी परेशानी हो रही है। सीसी सड़क को खोदे जाने के बाद यहां काम करने वाली एजेंसी ने इस सड़क को दुरुस्त नहीं कराया है जिससे यहां मौजूद लोगों में आक्रोश बना हुआ है। लोगों का कहना है कि गांव में पाइप लाइन तो डाली गई यह अच्छा काम है, मगर इसके बाद जो सड़क खोद दी गई है उसको दुरुस्त नहीं किया जा रहा है जिससे हम सभी को यहां से गुजरने में परेशान होना पड़ रहा है। सीसी सड़क को सड़क खुदी होने के कारण लोगों का वाहनों से तो ठीक ही पैदल भी ठीक से नहीं चला जाता। ग्रामीणों ने शीघ्र ही सड़क मरम्मत की मांग की है।

## अव्यवस्था : नवागढ़ के साप्ताहिक बाजार में अव्यवस्था के कारण लोग परेशान

# शहर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं, सड़कों पर बेतरतीब खड़े वाहनों से हो रही बड़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

शहर में पार्किंग के नाम पर कोई व्यवस्था नहीं होने से नवागढ़ के साप्ताहिक बाजार के रोज लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पार्किंग स्थल बनाने में प्रशासन भी कोई ध्यान नहीं दे रहा। शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में पार्किंग व्यवस्था ना होने से दुपहिया वाहन चालकों के साथ राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसका मुख्य कारण वाहनों को सड़क में पार्क करना है। ऐसे में प्रशासन की ओर से शहर में पार्किंग जोन बना दिया जाएं तो यातायात व्यवस्था में सुधार हो सकता है, लेकिन इस गंभीर समस्या पर किसी का ध्यान नहीं जाता है,जिससे साप्ताहिक बाजार के रोज मतलब रविवार औऱ गुरुवार के दिन भर कई बार सड़कों जाम लग जाता है। यही नहीं गौरव पथ मार्ग में भी बेतरीतब ढंग से वाहन खड़े रहने से आए दिन जाम की स्थिति बनाते है। इसके बावजूद कई बार भारी वाहन ट्रैफिक में फंसने से जाम लगता है। जिससे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है।

बस स्टैंड में तो हालत अत्यधिक गंभीर है। बाजार में दुकानों के आगे दुकानदारों के वाहन तो पार्क रहते ही है। वही रेहड़ी भी खड़ी रहती है। शहर में दर्जनभर से अधिक कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स बने हुए हैं। लेकिन किसी में भी पार्किंग की सुविधा नहीं है। शहर में तीन से चार मंजिला इमारतों में दुकानें तो बन गए है,लेकिन पार्किंग की सुविधा नहीं है। कॉम्पलेक्स में जाने वाले लोगों भी अपने वाहन बाहर सड़क पर ही पार्क करते है।



### वाहनों की संख्या बढ़ी, फुटपाथ पर दुकानों का कब्जा

नवागढ़ क्षेत्र का मुख्यालय है, जिसके कारण बाजार के दिन अक्सर यहां दूर दराज के ग्रामीण लोग पहुंचते हैं जिसके चलते वाहनों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा हो रहा है। नगर में आने वाले कई वाहनों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। एक तरफ वाहनों की संख्या बढ़ रही तो दूसरी तरफ फुटपाथ पर दुकानदारों का कब्जा हो गया है। इसके कारण वाहन चालकों को वाहन खड़े करने के लिए कोई मुफीद जगह नहीं दिखती है। कोई मुफीद जगह न होने के वाहन चालक कहीं भी वाहन खड़े कर देते हैं। सड़कों पर खड़े वाहनों के कारण यातायात व्यवस्था चरमराई रहती है तथा जाम की स्थिति बनी रहती है।

### दिन भर जाम की स्थिति

शहर के मुख्य बाजारों में पार्किंग अब शहर की सबसे प्रमुख मांग बन गई है। शहर में पार्किंग के अभाव में लोग मजबूरन बाजारों वे वाहन खड़े करते हैं जिससे जाम की स्थिति बनी रही रहती है। इससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। शहरवासियों ने प्रशासन से पार्किंग की व्यवस्था करने की मांग की। त्योहारी सीजन के दौरान तो चौक से बस स्टैंड तक गौरव पथ और मेन बाजार में पांव रखने तक की जगह नहीं बचती। ऐसे में अभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को पार्किंग के लिए उचित जगह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने चाहिए ताकि बाजार में खरीदारी करने के लिए आने वालों को दिक्कत न झेलनी पड़े।

# किसानों को रबी फसल क्षतिपूर्ति के लिए दी जाए बीमा राशि : राठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

सेवा सहकारी समिति साजा के पूर्व अध्यक्ष किसान नेता कृष्णा राठी ने मुख्यमंत्री,कृषिमंत्री को पत्र लिखकर साजा ब्लाक में इस वर्ष किसानों के रबी फसल को असमय बारिश और ओला वृष्टि से हुए भारी नुकसान की नुकसानी आर बी सी 6/4 क्षतिपूर्ति वा बीमा राशि देने की मांग की है। श्री राठी ने कहा कि किसानों की खेतों में खड़ी चने गेहूं सहित अन्य रवि फसल को बारिश पानी ओला से भारी नुकसान हुआ है।

- सेवा सहकारी समिति साजा के पूर्व अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री को लिखा पत्र

स्थिति ऐसी है कि कई स्थानों पर फसल बर्बाद होने के कारण किसानों ने फसल कटाई तक नहीं की। उन्होंने कहा कि किसान फसल के लिए पर सहकारी समितियों से भारी भरकम खाद बीज नगद ऋण लेते हैं और फसल आने के बाद ऋण अदायगी करते हैं।

वहीं, सहकारी समितियों में ऋण देने के साथ किसानों से अच्छी खासी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनातर्गत बीमा राशि लेकर फसल का बीमा किया जाता है। ऐसे में जब किसानों के फसल का सही मायने में बीमा किया गया है और प्राकृतिक कारणों से फसल को नुकसान हुआ है जिसका कृषि और राजस्व विभाग द्वारा विभागीय सर्वे जांच की गई। फसल नुकसान होना माना पाया गया तो किसानों को उनके हक अनुसार बीमा राशि क्षतिपूर्ति राशि शासन को दिया जाना चाहिए ताकि किसानों को राहत मिल सके।

### महेश नवमी पर गुरूर में हुए विविध कार्यक्रम

**गुरूर।** नगर में माहेश्वरी समाज ने अपनी उत्पत्ति दिवस महेश नवमी धूमधाम से मनाया। विविध कार्यक्रम आयोजन देर रात्रि तक होते रहे। इस दौरान वरिष्ठों, प्रतिभावानों का सम्मान किया गया। स्थानीय काल भैरव देऊर मंदिर में प्रातः 7 बजे पूजन अभिषेक किया गया। शोभायात्रा निकाली गई, जिसका जगह-जगह स्वागत किया गया। मंचीय कार्यक्रम के दौरान समाज के बच्चों ने भगवान शिव से जुड़े विभिन्न स्वरूपों पर नृत्य प्रस्तुत किया।

# अभाविप के ग्रीष्मकालीन शिविर में शामिल हुए बेमेतरा के बच्चे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/साजा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दुर्ग विभाग के विभाग स्तरीय दो दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन बेमेतरा जिला द्वारा वनाच्छादित क्षेत्र ग्राम मोतीमपुर, सूतियापाठ में किया गया। जिसमें दुर्ग, बेमेतरा बालोद तीन जिलों से 168 विद्यार्थी सम्मिलित हुए शिविर में मुख्य रूप से अभाविप दुर्ग विभाग संयोजक- पलाश घोष, कार्यसमिति सदस्य- मनोज वैष्णव सेवार्थ, विद्यार्थी संयोजक- दुर्गेश वर्मा, दुर्ग जिला संयोजक प्रवीण यादव, बालोद जिला संयोजक- मनीषा राणा उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के साथ विभिन्न सत्रों एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु कई क्रायकर्म आयोजित किए गए जिसमे योग, खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम ट्रैकिंग एवं ग्राम चौपाल लगाकर सर्वेक्षण ग्राम्य जीवन अनुभूति ग्रुप डिस्कशन, कैंप फायर आदि कार्यक्रम सामिल थे।विद्यार्थियों ने गहरी रुचि के साथ भौगोलिक अध्यन करते हुए करते हुए 2 किलोमीटर ऊंची सुतियापाठ के पहाड़ों में पैदल चढ़ाई कर हिंगलाज माता के दर्शन किए।

- ग्राम मोतीमपुर-सूतियापाठ में हुआ दो दिवसीय कार्यक्रम

इसके पश्चात ग्राम सर्वेक्षण में विद्यार्थियों ने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं एवं उनके लाभ,ग्रामीण विकास, उद्योग, खेती किसानी पर भी चर्चा किए और रिपोर्ट तैयार की और खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से माध्यम से सभी ग्रामवासी शिविर से लगातार जुड़े रहे। इस कार्यक्रम के समापन सत्र में अभाविप छत्तीसगढ़ के प्रांत संगठन मंत्री महेश साकेत उपस्थित रहे। वही समापन सत्र में विद्यार्थियों ने ग्रीष्मकालीन शिविर का अनुभव साझा किया । इस प्रकार विभाग संयोजक द्वारा शिविर समापन की घोषणा की गई। शिविर के कार्यक्रम प्रमुख एवं बेमेतरा के जिला संयोजक किशन साहू द्वारा कार्यक्रम की तैयारी, व्यवस्था एवं ग्रामवासी द्वारा सहयोग प्राप्त होने पर आभार ज्ञापित किया। इस व्यवस्था में मुख्य रूप से अभाविप बेरला इकाई के कार्यकर्ता शैलेंद्र साहू, निखिल गायकवाड़, खिलेश साहू, राहुल नेताम, सरस पांडे, तुषार वर्मा, मुकेश भोई, गुलाब साहू आदि उपस्थित रहे।

# बच्चों में सीखने की अपार संभावनाएं होती हैं

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय में शिक्षकों को दिया जा रहा है एफएलएन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकासखंड स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम कन्या बेमेतरा में शिक्षकों का एफएलएन प्रशिक्षण में उत्साह का माहौल रहा। जिसमें शिक्षकों से वन टू वन बातचीत किया गया कि कैसे हम 21वीं सदी की शिक्षा के लिए बच्चों को तैयार कर सकते हैं। जहां लगातार बात हो रहा है कि शाला में पढ़ाने वाले बच्चों को भाषाई दक्षता और गणितीय संक्रिया में दक्ष करें।

प्रशिक्षण के दौरान स्कर्ट से पवन कुमार देवांगन ने सीखना को कैसे सीखते हैं इस पर बातचीत की। देवांगन ने कहा की वास्तव में हम शिक्षक के रुप में मेहनत बहुत करते हैं। लेकिन हमारी ऊर्जा की खपत वहां हो रहा है जहां से परिणाम अपेक्षा के अनुसार नहीं आ रहा। अगर 21वीं सदी के लिए बच्चों को तैयार करना है तो क्रिटिकल, थिंकिंग, क्रिएटिविटी, कलैबरेशन, कॉम्युनिकेशन, कंपैशन, कॉन्फिडेंस आदि इन छः पर काम करने की जरूरत है। हमें बच्चों की प्रतिभा पर विश्वास करने की जरूरत है। बच्चों में सीखने की अपार संभावनाएं होती है। इन संभावनाओं को खोजने की जरूरत है।



### कराई गई गतिविधि

शिक्षकों की जिज्ञासा को और बढ़ाते हुए कैसे हम एक दूसरे से सीख सकते हैं पर शिक्षकों को चुनौती दी गई। प्रशिक्षण हाल में उपस्थिति सभी शिक्षकों ने सीखने के नए तरीकों को समझने के लिए तैयार थे। कक्ष का माहौल 5 मिनट के लिए ऐसा लग रहा था कि कोई बोर्ड की परीक्षा चल रहा हो सब अपने अपने चुनौती पर कार्य कर रहे थे। जिसने अपने चुनौती पूर्ण किया और जिसने नहीं किया सभी को एक स्तर पर कैसे ला सकते हैं। इस पर विषय मित्र की कांसेप्ट पर कार्य किया गया। शिक्षकों को विषय मित्र की भूमिका में बाकी को सीखाने की चुनौती दिया गया।

***जब पता नहीं हो तो कठिन लगता है कोई कार्य, समझ बना लें तो आसान हो जाता है :*** डीआरजी प्रीतम चंद्राकर ने बताया कि शिक्षक में किसी को सीखाने में इतना उत्साह पहली बार देखा। जब कोई बात हमें पता नहीं होता तो बहुत कठिन लगता है और अगर उस पर अपनी समझ बना लें, तो उस पर हमारी पूर्वाग्रह टूट जाता है। डीआरजी इमरान खान ने बताया कि अगर हम अपनी ऊर्जा का सही उपयोग करते हैं तो बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान को आसानी से हासिल कर सकते हैं।

गणित शिक्षण पर धनिराम बंजारे ने ईएलपीएस के सिद्धांत पर रोचक गतिविधि कराई। इसके तहत बच्चों के अनुभव उस अनुभव पर उनकी भाषा उनके भाषा को चित्रों के रुप में प्रदर्शित करना और फिर वर्ण या अंक के रुप में समझ बनाना। प्रशिक्षण में विशेष सहयोग अजिम प्रेमजी फाउंडेशन राघवेन्द्र ने अभ्यास पुस्तिका पाठ्य-पुस्तक और शिक्षक संदर्शिका को कैसे एलाइनमेंट करते हुए सीखने को सरल बना सके हैं। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए डीएमसी ने बताया की बच्चों की कठिनाई को समझना होगा।

## माहेश्वरी समाज ने धूमधाम से मनाया महेश नवमीं का पर्व

# अपने बच्चों को संस्कार घर पर ही दिया जा सकता है : स्मिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

जो भरा नहीं है भावों से, जिसमें बहती रस धार नहीं, वह हृदय नहीं वह पत्थर है, जिसमें समाज के प्रति प्यार नहीं। उपरोक्त बातें महेश नवमी पर्व के अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के प्रतिनिधि कचरुमल भट्टर ने व्यक्त किए।

उन्होंने आगे कहा कि माहेश्वरी समाज देने वाला समाज है जिसमे सेवा त्याग सदाचार की भावना कूटकूट कर भरी है। उसी के अनुरूप हमें समाज सेवा का कार्य करते रहना चाहिए। वहीं, छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के उपाध्यक्ष रमेश केला ने कहा कि समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है समाज की घटती जनसँख्या के बारे में उन्होंने गहरी चिंता व्यक्त की व आवाहन किया कि इसा दिशा में समाज के लोग गहरा विचार करें। आगे कहा कि सामाजिक जन अपने बच्चों का विवाह समय के अनुसार करें। छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के प्रतिनिधि द्वय स्मिता लाखोटिया ने कहा कि बच्चों को संस्कार घर पर ही दिया जा सकता है, बाल संस्कार शिविर की आवश्यकता नहीं है। वहीं, नीतू कोठारी ने कहा कि समाज सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं हो सकती समाज सेवा के लिए आपको आगे आना होगा समाज से ही आपकी पहचान होगी।






सभा को माहेश्वरी पंचायत साजा के अध्यक्ष रमेश कुमार राठी ने कहा कि यदि आप स्वयं पर विश्वास नहीं करेंगे यदि आप खुद का सम्मान करना नहीं सीखेंगे तो दूसरा क्यों आप पर विश्वास रखेगा। यही बात हमारी सभ्यता, इतिहास, संस्कृति, और तीज त्योहारों पर लागु होती है। याद रखिये त्यौहार अपने विगत से, अपने इतिहास से, और इतिहास जनित गौरव से जोड़ते हैं वे हमारी संस्कृति पहचान को जीवित रखते हैं। छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गंगाधर चांडक ने अपने संबोधन में कहा कि हम सामाजिक एकता के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि जो समाज आपस में बंटा रहेगा, वह कभी तरक्की नहीं कर सकेगा। सभा को माहेश्वरी पंचायत साजा के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश टावरी एवं माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्षा संगीता गाँधी ने भी संबोधित किया।

### 29 युवाओं ने किया रक्तदान

कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचीन राम जानकी मंदिर परिसर में स्थित शिव मंदिर में रुद्राभिषेक पूजन किया गया। यजमान मुकेश-खुशबू राठी ने पूजन कार्य सम्पन्न कराया।उसके बाद प्रतिभावान बच्चों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर में 29 यूनिट रक्तदान किया गया। वहीं सामुदायिक स्वास्थ केंद्र साजा में मरीजों को फल वितरण के साथ ही पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में माहेश्वरी पंचायत साजा के संरक्षक कुन्दनमल गाँधी, अध्यक्ष रमेश कुमार राठी, सचिव लक्ष्मीनारायण चांडक, गोपाल दास चांडक, ओमप्रकाश टावरी, हरिशंकर टावरी, महेंद्र राठी, कमल किशोर राठी, संतोष राठी, भगवानदास राठी, राजेश कुमार राठी, संतोष सत्यनारायण राठी, भूपेन्द्र राठी, भीखम चंद राठी, संतोष लाभचंद राठी, रमेश कुमार चांडक, विजय कुमार टावरी, संतोष कुमार भूतड़ा, गनपत लाल राठी, अशोक कुमार जेठमल राठी, अनिल कुमार टावरी, शंकर लाल चांडक, माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्षा संगीता गाँधी, माहेश्वरी युवा मंडल के अध्यक्ष जीतेश राठी सहित सभी संगठन के सदस्य परिवार सहित उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पियूष गाँधी एवं आभार माहेश्वरी पंचायत साजा के सचिव लक्ष्मीनारायण चांडक ने व्यक्त किया।